इकनॉमिक टाइम्स
Copyright © 2014 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved
Thu, 27 Apr-17; Economic Times - Hindi - Delhi; Size : 37 sq.cm.; Page : 1

पर्सिस्टेंट को बाय रेटिंग

रिलायंस सिक्योरिटीज ने पर्सिस्टेंट सिस्टम्स को बाय रेटिंग दी है और 690 रुपये का टारगेट तय किया है। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, मार्च 2017 तिमाही में भले ही कंपनी की आमदनी में गिरावट आई है, लेकिन तिमाही आधार पर उसका मार्जिन बढ़ा है। इससे कंपनी की बेहतर कामकाजी क्षमता का पता चलता है। उसके मुताबिक, पर्सिस्टेंट लॉन्ग टर्म प्लान पर आगे बढ़ रही है और कंपनी का ध्यान डिजिटल स्पेस पर है और वह इंडस्ट्री एवरेज से अधिक रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करेगी। वहीं, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी से होने वाली आमदनी भी कंपनी की एक खूबी है, जिससे उसके मार्जिन को सपोर्ट मिलेगा। पर्सिस्टेंट के शेयर 2.12 पर्सेंट चढ़कर 579.90 रुपये पर रहे।